रजिस्ट्री सं० डी०एल०-33004/96 REGD. NO. D.L.-33004/96

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 439] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 27, 1996/श्रावण 5, 1918
No. 439] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 27, 1996/SRAVANA 5, 1918

मंत्रिमंडल सचिवालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 जुलाई, 1996

का. आ. 544 (अ).—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 77 के खण्ड (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम-भारत सरकार (कार्य आबंटन) (दो सौ बावीसवां संशोधन) नियम,1996 है।

(2) ये तुरन्त प्रवृत्त होंगे।

2. भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियम, 1961 की,—

(1) प्रथम अनुसूची में,—

(क) "11. वित्त मंत्रालय" शीर्षक के अधीन "(iii) राजस्व विभाग" उप-शीर्षक के पश्चात् निम्नलिखित उप-शीर्षक अंतः स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(iv) कंपनी कार्य विभाग";

(ख) "20. विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय" शीर्षक और उसके अधीन उप-शीर्षकों के स्थान पर निम्नलिखित शीर्षक और उप-शीर्षक रखे जाएंगे, अर्थात्:—

"20. विधि और न्याय मंत्रालय

(i) विधि कार्य विभाग

(ii) विधायी विभाग

(iii) न्याय विभाग";

(2) द्वितीय अनुसूची में—

(क) "वित्त मंत्रालय" शीर्षक के अधीन "ग. राजस्व विभाग" उप-शीर्षक और उसके अधीन प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित उप-शीर्षक और उससे संबंधित प्रविष्टियां जोड़ी जाएंगी, अर्थात्:—

"घ. कंपनी कार्य विभाग

1. कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) का प्रशासन।
2. कंपनी (राष्ट्रीय निधियों को दान) अधिनियम, 1951 (1951 का 54) का प्रशासन।
3. एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) का प्रशासन।
4. एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग।
5. लेखा-वृत्ति (चार्टर्ड एकाउटेंट अधिनियम, 1949 ) (1949 का 38) लागत और संकर्म लेखा-वृत्ति (लागत और संकर्म एकाउटेंट अधिनियम, 1959 )(1959 का 23), कंपनी सचिवत्व वृत्ति (कंपनी सचिव अधिनियम,1980) (1980 का 36)।
6. कंपनियों से संबंधित आंकड़ों का संग्रहण।
7. भागीदारी विधि के संबंध में विधान और भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) के अध्याय 7 के अधीन केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में कतिपय कृत्यों का निर्वहन (अधिनियम का प्रशासन राज्य सरकारों में विहित है)।
8. उपर्युक्त मदों में से किसी के बारे में केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों से संबंधित मामलों की बाबत केन्द्र का उत्तरदायित्व।
9. केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों में सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) के अधीन सोसाइटियों के रजिस्ट्रीकरण और कृत्यों के प्रयोग से संबंधित विधान।"

(ख) (i) "विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय" शीर्षक के स्थान पर निम्नलिखित शीर्षक रखा जाएगा, अर्थात्:—
"विधि और न्याय मंत्रालय"; और

(ii) इस प्रकार प्रतिस्थापित "विधि और न्याय मंत्रालय", शार्षक के अधीन "घ. कंपनी कार्य विभाग" उप-शीर्षक और उसके अधीन प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा।"।

शंकर दयाल शर्मा
राष्ट्रपति
[फा. सं. 74/2/2/95-मंत्रि.]
सुयोग्य कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव

## CABINET SECRETARIAT
## NOTIFICATION

New Delhi, the 26th July, 1996

**S.O. 544 (E).**—In exercise of the powers conferred by clause (3) of article 77 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Government of India (Allocation of Business ) Rules, 1961, namely :—

1. (1) These rules may be called the Government of India (Allocation of Business ) (Two Hundred and Thirty-second Amendment) Rules, 1996.

(2) They shall come into force at once.

2. In the Government of India (Allocation of Business) Rules, 1961,—

(1) In the First Schedule,—

(a) under the heading "11. Ministry of Finance (Vitta Mantralaya )", after the sub-heading "(iii) Department of Revenue (Rajaswa Vibhag)", the following sub-heading shall be inserted, namely :—

"(iv) Department of Company Affairs (Kampany Karya Vibhag )" ;

(b) for the heading "20. Ministry of Law, Justice and Company Affairs (Vidhi, Nyaya aur Kampany Karya Mantralaya )" and the sub-headings thereunder, the following heading and sub-headings shall be substituted, namely :—

"20. Ministry of Law and Justice (Vidhi aur Nyaya Mantralaya)

(i) Department of Legal Affairs (Vidhi Karya Vibhag)

(ii) Legislative Department (Vidhayee Vibhag)

(iii) Department of Justice (Nyaya Vibhag)";

(2) in the Second Schedule,—

(a) under the heading "MINISTRY OF FINANCE (VITTA MANTRALAYA)", after sub-heading "

"C. DEPARTMENT OF REVENUE (RAJASWA VIBHAG)" and entries thereunder, the following sub-heading and entries relating thereto shall be added, namely:—

"D. DEPARTMENT OF COMPANY AFFAIRS (KAMPANY KARYA VIBHAG)

1. Administration of the Companies Act, 1956 ( 1 of 1956).

2. Administration of the Companies (Donations of National Funds) Act, 1951 (54 of 1951).

3. Administration of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969 ( 54 of 1969).

4. Monopolies and Restrictive Trade Practices Commission.

5. Profession of Accountancy [Chartered Accountants Act, 1949 (38 of 1949)]; Profession of Costs and Works Accountancy [Cost and Works Accountants Act, 1959 (23 of 1959)]; Profession of Company Secretaries [Company Secretaries Act, 1980 (56 of 1980)].

6. Collection of statistics relating to Companies.

7. Legislation relating to law of Partnership and the exercise of certain functions under Chapter VII of the Indian Partnership Act, 1932 ( 9 of 1932) in centrally administered areas (The administration of the Act vests in the State Governments ).

8. The responsibility of the Centre relating to matters concerning centrally administered areas in respect of any of the above items.

9. Legislation in relation to societies registration and exercise of functions under the Societies Registration Act, 1860 (21 of 1860) in centrally administered areas.";

(b) (i) for the heading "MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (VIDHI, NYAYA AUR COMPANY KARYA MANTRALAYA)", the following heading shall be substituted, namely:—

"MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (VIDHI AUR NYAYA MANTRALAYA)"; and

(ii) under the heading "MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (VIDHI AUR NYAYA MANTRALAYA), as so substituted, the sub-headings "D. COMPANY AFFAIRS (KAMPANY KARYA VIBHAG)" and the entries thereunder shall be omitted.".

SHANKER DAYAL SHARMA
PRESIDENT

[F.No. 74/2/2/95-cab.]
S.K. MISRA, Jt. Secy.

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054 — 1996